Year	Budgetory Allocation		Actual Outlays	
	Family Welfare Programme	Minimum Needs Programme	Family Welfare Programme	Minimum Needs Programme
B: EIGHTH PLAN PERIOD:				
1992-93	100000.00	39103.15	104100.00	30081.67
1993-94	127000.00	40367.30	142357.00	31277.74
1994-95	143000.00	38617.84		

केसरी दाल के उत्पादन पर प्रतिबंध

2921. **श्री सोमपाल:**
श्री शारदा मोहन्ती:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 29 जून, 1994 के "इण्डियन एक्सप्रेस" में प्रकाशित इस आशय के समाचार में कोई सत्यता है कि राजधानी दिल्ली में 150 क्विंटल केसरी दाल बरामद की गई है;

(ख) क्या यह सच है कि केसरी दाल में कुछ ऐसे विषैले तत्व पाए जाते हैं जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह भी सच है कि हमारे देश के कुछ राज्यों में इस दाल के उत्पादन एवं व्यापार पर प्रतिबंध है और कुछ राज्यों में इस पर प्रतिबंध नहीं है तथा यदि हां, तो इस संबंध में विस्तृत ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या कुछ निजी संगठनों एवं संस्थानों ने हाल ही में सरकार को यह बताया है कि उनकी जांच एवं अध्ययन के अनुसार केसरी दाल में कोई हानिकारक तत्व विद्यमान नहीं है; और

(च) यदि हां, तो क्या सरकार ने उनके इस दावे की जांच अपनी अनुसंधान शालाओं में करायी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) केसरी दाल में एक विषैला रसायन होता है जो शरीर के केन्द्रीय स्नायु तंत्र पर कुप्रभाव डालता है जिससे शरीर के निचले अंगों में लैथिरिज्म (पक्षाघात) होता है।

(घ) बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश सरकार को छोड़कर सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों ने खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 के अधीन केसरी दाल की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।

(ङ) केसरी दाल के हानिकारक प्रभावों से संबंधित निष्कर्षों को न मानने के लिए कोई वैज्ञानिक डेटा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हृदय रोगों की जांच के उपकरणों का उपलब्ध न होना

2922. **श्री सोमपाल:**
श्री शंकर दयाल सिंह:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 3 जुलाई, 1994 के "इण्डियन एक्सप्रैस" में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें यह बताया गया है कि डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हृदय रोगों की जांच के लिए सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो इस महत्वपूर्ण अस्पताल में इस प्रकार के उपकरण उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं;